पूर्व मध्य रेल

# दर्पण

अंक - 6,(हिन्दी बुलेटिन),दिसंबर, 2024



## महाप्रबंधक कार्यालय

राजभाषा विभाग

पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

दर्पण

# छत्रसाल सिंह
महाप्रबंधक
Chhatrasal Singh
General Manager

सत्यमेव जयते

पूर्व मध्य रेल
हाजीपुर-844101
East Central Railway
Hajipur-Pin-844101
Phone: +91-06224-274728
Fax-271513, 274738
E-mail: gm@ecr.railnet.gov.in

**प्रबंध संपादक**
**विजय कुमार**
मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

**प्रधान संपादक**
**मनीष कुमार**
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ योजना

**संपादक**
**अनिल कुमार शर्मा**
राजभाषा अधिकारी

**उप संपादक**
**राजकिशोर सिंह**
वरिष्ठ अनुवादक

**संपादन सहयोग**
**सुरेश महतो**
कनिष्ठ अनुवादक

**संपर्क**
**राजभाषा विभाग, पूर्व मध्य रेल**
मुख्यालय, हाजीपुर, बिहार- 844101
दूरभाष : 06224-276951
22968 (रेल), 22918 (रेल)
dgmrajbhashaecr@gmail.com
मो. 9771425658, 9771425667



## शुभकामना संदेश

'पूर्व मध्य रेल दर्पण' हिंदी बुलेटिन का मुख्य उद्देश्य इस रेल से संबद्ध कार्यों को प्रचारित-प्रसारित किया जाना है, ताकि उससे प्रेरित होकर हमारे रेलकर्मी अपने कार्यों को और परिष्कृत कर सकें।

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हिंदी बुलेटिन का अंक- 06 सफलतापूर्वक प्रकाशित हो रहा है।

मुख्यालय से प्रकाशित बुलेटिन हमारी गतिविधियों का आईना है। 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' रेल के सभी विभागों की उल्लेखनीय गतिविधियों के प्रसार हेतु एक सशक्त माध्यम हो सकता है। अत: सभी विभागों से आग्रह है कि अपने विशेष कार्यों को संचारित करने हेतु इस बुलेटिन का सदुपयोग करें।

रेल कर्मियों से मेरा आग्रह है कि वे भी अपने विभागों/ कार्यालयों के सकारात्मक, सराहनीय कार्यों की सूचना के प्रसार-संचार हेतु इस बुलेटिन को प्रेषित करें, ताकि यह बुलेटिन और अधिक समृद्ध हो सके।

शुभकामनाओं के साथ।

(छत्रसाल सिंह)

दिनांक 28.11.2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हाजीपुर की प्रथम बैठक महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में महाप्रबंधक कार्यालय, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के नया प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री बी.के. सिंह, तत्कालीन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, योजना श्री मनीष कुमार सहित हाजीपुर स्थित 21 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।







महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह छठ पूजा की तैयारी को लेकर यात्री सुविधा के मद्‌देनज़र समस्तीपुर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए।





दिनांक 11 सितंबर, 2024 को मुख्यालय/हाजीपुर में अधिकारियों के लिए हिंदी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।





मुख्यालय, हाजीपुर में निदेशक, राजभाषा, रेलवे बोर्ड डॉ. वरुण कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी हुआ जिसके मुख्य वक्ता डॉ. वरुण कुमार थे। कार्यशाला का विषय था: **'भारत सरकार की राजभाषा नीति और उसका क्रियान्वयन।'** इस कार्यशाला में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/योजना श्री मनीष कुमार भी उपस्थित थे। इस सफल कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कार्मिक उपस्थित थे।






पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में दिनांक 24.09.2024 को राजभाषा सप्ताह समारोह 2024 के अन्तर्गत हिन्दी दिवस का शुभारम्भ किया गया।







दिनांक 21.09.2024 को डीडीयू मंडल में राजभाषा सप्ताह 2024 का समापन समारोह, पुरस्कार वितरण एवं काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 33 कर्मचारियों एवं 17 अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान मंडल की राजभाषा पत्रिका **'रेल मुक्ता'** के 41वें अंक का लोकार्पण भी किया गया।






आत्म सम्मान की रक्षा हमारा सबसे पहला धर्म और अधिकार है - मुंशी प्रेमचंद

राजभाषा सप्ताह -2024 के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक, डीडीयू श्री राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में दिनांक 18.9.2024 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति डीडीयू की बैठक संपन्न हुई. बैठक में व.मं.वि.इंजीनियर/गति शक्ति को राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया।





दिनांक 23.09.2024 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/धनबाद में हिंदी वाक् प्रतियोगिता तथा अधिकारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता एवं दिनांक 24.09.2024 को कर्मचारियों के लिए राजभाषा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।





मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/धनबाद में दिनांक 16.09.2024 से 26.09.2024 तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 26.09.2024 को विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को मं.रे.प्र. श्री कमल किशोर सिन्हा द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार राशि से सम्मानित तथा हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने वाले 10 अधिकारियों तथा 30 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक भी आयोजित की गई।





राजभाषा पखवाड़ा - 2024 के अवसर पर दिनांक 16.09.2024 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में राजभाषा संकल्प समारोह आयोजित किया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री कमल किशोर सिन्हा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने का संकल्प दिलवाया, साथ ही कर्मचारियों के लिए राजभाषा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।





दिनांक 25.09.2024 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोनपुर में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के लिए हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।







दिनांक 01.10.2024 को मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री विवेक भूषण सूद की अध्यक्षता में मं.रा.का.स की बैठक सम्पन्न हुई। आलोच्य तिमाही में हिंदी में सर्वाधिक कार्य हेतु विद्युत (टीआरओ) विभाग को अन्तर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान करने के साथ-साथ राजभाषा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया।








जब तक गलती करने की स्वतंत्रता ना हो, तब तक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है - महात्मा गाँधी

राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 23.09.2024 को समस्तीपुर मंडल में कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं दिनांक 24.09.2024 को हिंदी कार्यशाला आयोजित की गयीं।






समस्तीपुर मंडल में दिनांक 27.09.2024 को अंतर्विभागीय राजभाषा प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ राजभाषा पखवाड़ा-2024 के समापन समारोह का आयोजन किया गया।






प्लांट डिपो/डी.डी.यू में दिनांक 18 सितंबर से 27 सितंबर 2024 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं जिसमें सफल कर्मचारियों को मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री वारिज नयन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।





दिनांक 12.9.2024 को क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरपुर में प्राचार्य श्री राजू कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा संकल्प का वाचन करने एवं हिंदी कार्यशाला कराए जाने के साथ ही राजभाषा पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ किया गया।





मुख्यालय, हाजीपुर में दिनांक 2 सितंबर से 25 सितंबर तक चलने वाले राजभाषा पखवाड़ा / 2024 का हिंदी कार्यशाला से शानदार आगाज़ हुआ। इस कार्यशाला में वक्ता के रूप में वैशाली महिला कॉलेज की सहायक प्रोफेसर प्रो० कंचन कुमारी और रेल से श्री रूपक शर्मा,जूनियर इंजीनियर/सिगनल उपस्थित थे।





दिनांक 23 सितंबर 2024 को हरनौत कारखाना में दिनकर जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी एवं राजभाषा कार्यशाला आयोजित की गई



''खुद पर काबू पा लेना ही मनुष्य की सबसे महत्त्वपूर्ण जीत होती है- प्लेटो